आरोपी के दरवाजे पर शव जलाने को लेकर,17 नामजद और 50 अज्ञात पर प्राथमिकी

थावे। थावे थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस ने आरोपी के दरवाजे पर शव जलाने को लेकर 17 नामजद और 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। प्रशिक्षु एसआई दीपक कुमार ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि संजना कुमारी के शव का पोस्टमार्टम कराकर मुजफ्फरपुर से स्वजनों के साथ खानपुर अजमत लाया गया। शव पहुंचते ही स्वजन और आसपास के लोग ग्रामीण मुन्ना सिंह के पुत्र एवं उसके परिवार पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए शव को मुन्ना सिंह के घर के दरवाजे के सामने रखकर वहीं शव जलाने की बात कही। इस पर पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया,लेकिन उग्र लोग नहीं माने। वे उग्र होकर गाली-गलौज करने लगे और पुलिस का आदेश नहीं मानते हुए जबरदस्ती मुन्ना सिंह के घर के दरवाजे के सामने शव को जलाया गया।इसके साथ ही मृतका के स्वजन एवं ग्रामीणों द्वारा आरोपित के घर को भी जलाने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान विडिओ ग्राफी,महाल चौकीदार एवं स्थानीय लोगो से मृतिका के शव को जबरदस्ती जलाने में शामिल लोगों का पहचान किया गया। पहचान के आधार पर प्रशिक्षु एसआई दीपक कुमार ने थाने में खानपुर अजमत गांव के शशिकांत पटेल,पवन कुमार सिंह, पुनीत कुमार, रविकांत सिंह,मोहमद राजा, नागेश्वर महतो,परमेश्वर साह,अतुल पंडित, घनश्याम कुमार साह,धुरुप साह,पवन सिंह, झमन साह,रिंकू सिंह,रविंद्र सिंह,ऋतिक यादव,हरेंद्र पंडित और नगर थाना के हरपुर गांव के अवधेश प्रसाद सहित 17 नामजद एवं 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है।पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए शशिकांत पटेल को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत कर दिया है।

चुनाव को लेकर महावीरी जुलूस के समय में बदलाव

थावे। सारण शिक्षक निर्वाचन को लेकर 23 अक्टूबर (शुक्रवार) को निर्धारित चुनाव के मद्देनजर थावे में महावीरी जुलूस के समय में बदलाव किया गया है।एसपी विनय तिवारी के

सुबह चार से शाम पांच बजे तक सड़क पर नहीं निकलेगा जुलूस

निर्देश पर थावे थाना की ओर से सभी महावीरी जुलूस के लाइसेंसधारियों को आवश्यक सूचना जारी की गई है।थानाध्यक्ष विभा कुमारी ने लाइसेंसधारियों को निर्देश दिया है कि निर्धारित समय का पालन करते हुए जुलूस का आयोजन सुनिश्चित करें।जारी निर्देश के अनुसार थावे में 22 अक्टूबर को निकलने वाले महावीरी जुलूस को 23 अक्टूबर(शुक्रवार)की सुबह चार बजे तक हर हाल में समाप्त करा लेना होगा वहीं 23 अक्टूबर(शुक्रवार)की संध्या में निकलने वाले महावीरी जुलूस का प्रारंभ शाम पांच बजे से पहले किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाएगा। चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने जुलूस के संचालन के लिए समय सीमा निर्धारित की है ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं को दी गयी विदाई

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत शारदीय नवरात्र के समापन के बाद शुरू हुआ मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला गुरुवार को संपन्न हो गया।शाम तक क्षेत्र के लगभग सभी पूजा पंडालों की प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया।इस दौरान ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रशासन ने पहले से ही मार्ग निर्धारित कर दिए थे।जुलूस के साथ मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। गुरुवार को दाहा नदी पुल,काला मटिहनिया स्थित गंडक नदी,कुचायकोट पोखरा सहित विभिन्न नदियों और जलाशयों के घाटों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। पूजा समितियों के सदस्य ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन घाटों तक पहुंचे और विधि-विधान से विसर्जन किया। जलालपुर बाजार में स्थापित सभी प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को ही पूरा कर लिया गया।वहीं, विशंभरपुर,कुचायकोट और गोपालपुर थाना क्षेत्रों में पुलिस विशेष रूप से सतर्क रही।पुलिसकर्मी विसर्जन जुलूसों पर लगातार नजर बनाए हुए थे। प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

भूमि विवाद को लेकर मारपीट

कुचायकोट। विशंभरपुर थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर दो अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में भर्ती कराया गया,जहां उनका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, रूपछाप गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।इस घटना में गांव निवासी रंजू देवी घायल हो गईं। वहीं, विशंभरपुर गांव में भी जमीन को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट में अरुण कुमार घायल हो गए।दोनों घटनाओं के बाद परिजनों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है।

कुचायकोट में मतदान की तैयारी पूरी, 214 शिक्षक करेंगे मतदान

कुचायकोट। कुचायकोट प्रखंड क्षेत्र में सारण शिक्षक निर्वाचन को लेकर शुक्रवार को होने वाले मतदान की तैयारियां कुचायकोट प्रखंड में पूरी कर ली गई हैं।मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष को मतदान केंद्र बनाया गया है, जबकि कार्यालय के बाहर बरामदे में मतदान कर्मियों और पोलिंग एजेंटों के बैठने की व्यवस्था की गई है।प्रखंड में कुल 214 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 185 पुरुष और 29 महिला मतदाता शामिल हैं।मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य प्रकाश ने बताया कि मतदान केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी।मतदान केंद्र परिसर में केवल अधिकृत मतदाताओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि शाम चार बजे तक मतदान के लिए कतार में खड़े सभी मतदाताओं को वोट डालने का अवसर दिया जाएगा।बीडीओ ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

नाव से 333 लीटर देशी शराब बरामद

कुचायकोट। विशंभरपुर थाना क्षेत्र के धूप सागर गांव के पास बुधवार की शाम उत्पाद विभाग की टीम ने गंडक नदी के किनारे एक नाव से 333 लीटर देशी शराब बरामद की।इस दौरान तस्करों की एक बाइक भी जब्त की गई।हालांकि, विभाग की कार्रवाई की भनक लगते ही नाव पर सवार तस्कर मौके से फरार हो गए।मिली जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गंडक नदी के रास्ते शराब की बड़ी खेप जिले में लाई जाने वाली है। सूचना के आधार पर टीम ने धूप सागर गांव के पास नदी में निगरानी शुरू की।इसी दौरान नदी में एक संदिग्ध नाव दिखाई दी।उत्पाद विभाग की टीम को देखते ही नाव पर सवार तस्कर उसे नदी किनारे छोड़कर फरार हो गए।इसके बाद टीम ने नाव की तलाशी ली, तो उसमें रखे 37 कार्टन से 333 लीटर देशी शराब बरामद हुई।

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
(अभियंत्रण कोषांग)
विकास भवन, नया सचिवालय,
बिहार सरकार

ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं० e-Tender:- DF&ARD/अभि0 को0 (डेयरी, मत्स्य एवं पशु)/**F2 / 38 / 2026**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : मुख्य अभियंता, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, अभियंत्रण कोषांग, विकास भवन, नया सचिवालय, बिहार, पटना।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि : दिनांक–16.10.2026
3. निविदा कागजात प्राप्त करने (डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–05.11.2026 से 18.11.2026 03:00 PM तक (**on website www.eproc2.bihar.gov.in**)
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–19.11.2026 समय 03:00 PM बजे तक।
5. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय समय : दिनांक–19.11.2026 को 4:00 PM तक (**on website www.eproc2.bihar.gov.in**)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात्
7. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : **website www.eproc2.bihar.gov.in**
8. निविदा की वैधता अवधि (Validity Period) : 120 दिन
9. कार्य का विवरण:–

1	कार्य का नाम विभिन्न जिला अंतर्गत प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय/अनुमण्डल अस्पताल/औषधी भण्डार, जिला पषुपालन कार्यालय/ प्रांतीयकृत पशु औषधालय का मरम्मती कार्य।		प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	Bid Processing Fee	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति
	जिला	स्थल का नाम						
1	2	3	5	6	7	8	9	10
1	पटना-I	लई, चिकसी, चदौस, काबराजीपुर, बलीयारी, बहरामपुर	47,82,000.00	96000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
2	पटना-II	सिरसी, मझौली, खजुरार, पंडारक, मोकामा, खुषरूपुर	52,13,000.00	104000.00	**10,000.00**	As per website	06 माह	
3	रोहतास-II	गोडारी, राजपुर, चॉप, बरॉवकला, चिलबिला	42,46,000.00	85,000.00	**5,000.00**	As per website	05 माह	
4	नालंदा-I	सरमेरा, ओईयाव, विलारी, अहियापुर	27,48,000.00	55,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
5	मुजफ्फरपुर-I	मुरौल, हरि, साहेबगंज, सरैया साहेबगंज	38,89,000.00	78,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
6	भागलपुर-I	भागलपुर, भागलपुर, सन्हौला, सुलतानगंज, पीरपैती, गोराडीह	41,08,000.00	83,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	Two Bid System
7	भागलपुर-II	नवगछिया, नवगछिया, रगरा, गोपालपुर	31,00,000.00	62,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
8	पूर्णियाँ-I	पूर्णियाँ, हरदा, महेन्द्रपुर, चम्पानगर, जनकीनगर, बुढीया	42,90,000.00	86,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
9	पूर्णियाँ-II	धमदाहा, भवनीपुर, अकबरपुर, रूपौली, बहदुरा, मोहनपुर	41,68,000.00	84,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
10	पूर्णियाँ-III	बी०कोठी, बायसी, बैसा, अमौर	29,20,000.00	59,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	Two Bid System
11	मुंगेर-I	नौवागढी, धरहरा, तारापुर, टेटियाबम्बर	33,68,000.00	68,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
12	नवादा-I	नवादा, फुलडीह, रजौली, बढौना	28,53,000.00	57,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	
13	औरंगाबाद-I	औरंगाबाद, चिल्हकी, टडवा, सिमराजफरादाबाद, जयहिन्द तेंदुआ, मदनपुर	37,96,000.00	76,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
14	औरंगाबाद-II	संसा, हरिगाँव, फेसर, देवहरा, रूकुन्दी, हसपुरा	44,70,000.00	90,000.00	**5,000.00**	As per website	06 माह	
15	रोहतास-I	रोहतास, दरिगाँव, कोनार, नटवार	24,58,000.00	50,000.00	**5,000.00**	As per website	04 माह	Single Bid System
16	गोजपुर-I	संदेश, शाहपुर, पवना	12,76,000.00	26,000.00	**2,500.00**	As per website	03 माह	
17	नालंदा-II	थरथरी, दशरथपुर, सारिलचक	20,18,000.00	41,000.00	**5,000.00**	As per website	03 माह	
18	मोतिहारी-I	घोडासहन	9,25,000.00	19,000.00	**1,250.00**	As per website	1.5 माह	
19	वैशाली-I	राघोपुर	2,99,000.00	6,000.00	**750.00**	As per website	1.5 माह	Single Bid System
20	बेतिया-I	चमैनिया	9,79,000.00	20,000.00	**1,250.00**	As per website	1.5 माह	
21	बांका-I	अठमाहा, पंजवारा, सिहेश्वरी	21,57,000.00	44,000.00	**5,000.00**	As per website	03 माह	
22	अररिया-I	कुआडी	7,41,000.00	15,000.00	**1,250.00**	As per website	1.5 माह	
23	किशनगंज-I	किशनगंज	13,40,000.00	27,000.00	**2,500.00**	As per website	1.5 माह	
24	कटिहार-I	समेली, रौतारा, कटिहार	21,96,000.00	44,000.00	**5,000.00**	As per website	03 माह	
25	जमुई-I	मलयपुर, लक्ष्मीपुर	15,83,000.00	32,000.00	**5,000.00**	As per website	02 माह	
26	गया जी-I	मैगर	8,27,000.00	17,000.00	**1,250.00**	As per website	1.5 माह	

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग,
बिहार, पटना

PR. No. 014102 (Animal & Fish.) 2026-27 सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जॉच कराओ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

स्नातक-40 व शिक्षक-13 उम्मीदवारों की...

मधुबनी में 21,690 पुरुष, 7,625 महिला और एक थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं, बेगूसराय में 20,321 पुरुष, 8,881 महिला और तीन थर्ड जेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन चारों जिलों के मतदाता 23 अक्टूबर को मतदान कर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 40 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में चार जिलों के कुल 9,026 मतदाता मतदान करेंगे। जिलेवार आंकड़ों के मुताबिक, मधुबनी में 1,570 पुरुष और 259 महिला मतदाता हैं। दरभंगा में 2,161 पुरुष और 639 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। समस्तीपुर में 1,853 पुरुष और 496 महिला मतदाता हैं। वहीं, बेगूसराय में 1,445 पुरुष, 602 महिला और एक थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इन सभी मतदाताओं के मतदान से शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 13 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा।

दरभंगा जिले में...

लागू कर दी है। आदेश के अनुसार, मतदान के दिन सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक जिले के सभी क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों समेत सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, आवश्यक सेवाओं और आदेश में निर्धारित श्रेणियों के वाहनों को छूट दी गई है। मतदान केंद्र परिसर में मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन कार्य के लिए प्रतिनियुक्त कर्मचारियों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है।

प्रशासन के आदेश के मुताबिक, शासकीय कार्य में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और मतदान दल के इस्तेमाल वाले वाहनों को प्रतिबंध से छूट मिलेगी। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीज को ले जाने वाली एंबुलेंस भी चल सकेगी। इसके अलावा बिजली, दूध की आपूर्ति करने वाली वैन, पानी के टैंकर और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को भी छूट दी गई है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को मतदान के दिन इस्तेमाल के लिए निर्वाची पदाधिकारी से परमिट प्राप्त वाहन चलाने की अनुमति होगी। ऐसे वाहन में चालक समेत पांच से अधिक व्यक्ति नहीं बैठ सकेंगे। इन वाहनों का इस्तेमाल मतदाताओं को ढोने के लिए नहीं किया जा सकेगा।

निजी वाहन मालिक अपने और परिवार के सदस्यों के मतदान के लिए मतदान केंद्र से 200 मीटर की परिधि के बाहर तक वाहन ले जा सकेंगे। इसके अलावा निर्धारित मार्गों पर चलने वाले सार्वजनिक परिवहन वाहनों को भी निषेधाज्ञा से छूट दी गई है। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रिक्शा तथा अन्य वाहनों को भी प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। जिला प्रशासन ने मतदान की प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने के लिए इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की व्यवस्था की है।

एसटीईटी 25 से, चार की...

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी), 2026 में शामिल होने अभ्यर्थी भी चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-फोर) के लिए आवेदन करेंगे। लेकिन, माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी), 2026 में उत्तीर्ण होने पर ही उन्हें चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-फोर) का एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा।

भ्रामक खबरों पर तुरंत होगी...

समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाए। उन्होंने कहा कि विभाग सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाए, ताकि लोग योजनाओं के प्रति जागरूक हों और उनका लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों, विधि-व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों की निगरानी और नकारात्मक एवं भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय करने की दिशा में काम किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों की पेंशन योजना से संबंधित नियमों और प्रावधानों की जानकारी सभी तक पहुंचाई जाए, ताकि पत्रकार इस योजना के बारे में जान सकें और इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लोगों की ओर से सामने आने वाली समस्याओं और सुझावों का प्रभावी विश्लेषण किया जाए। सरकार के स्तर पर उन पर जो कार्रवाई की जाती है, उसकी जानकारी भी लोगों को दी जाए। विभागीय, जिला और पंचायत स्तर पर लोगों के फीडबैक, सुझावों और शिकायतों के बेहतर प्रबंधन एवं निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की सभ्यता और संस्कृति का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। बिहार के जो लोग अन्य राज्यों या विदेशों में रहते हैं, उनसे संपर्क स्थापित किया जाए और बिहार के संबंध में उनका फीडबैक लिया जाए। साथ ही, उन्हें बिहार की विशेषताओं और तेजी से हो रहे विकास की उपलब्धियों से अवगत कराया जाए।

उन्होंने कहा कि बिहार के गौरवशाली अतीत को फिर से स्थापित करना है और राज्य को समृद्ध बनाना है। इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

अमित शाह को जन्मदिन पर...

को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। उनकी प्रशासनिक समझ ने भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शाह की विशेष रूप से उल्लेखनीय सफलताओं में माओवाद के खतरे को खत्म करना और सरकार के नशा मुक्त समाज के सपने को आगे बढ़ाना शामिल है। उन्होंने कहा, %मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें लोगों की सेवा में एक लंबा और स्वस्थ जीवन मिले।

इसके साथ ही असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी बधाई दी। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ऐसा देशभक्त बताया, जिसे देश के अलावा और किसी चीज की परवाह नहीं है। इसके साथ ही कहा कि वे भारत की समस्याओं को खत्म करने के मिशन पर हैं।सरमा ने कहा कि अब वे 2029 तक ड्रग्स नेटवर्क को खत्म करने के मिशन पर हैं, और असम इस मिशन को अपना पूरा समर्थन देने का वादा करता है।सरमा ने यह भी कहा, %केंद्रीय गृह मंत्री ने हमेशा असम पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने अपराध कम करने और %विकसित असम% बनाने की हमारी कोशिशों का नेतृत्व किया है। इस खास दिन पर, मैं मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव से प्रार्थना करता हूं कि वे उन्हें लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य दें, ताकि वे देश की सेवा करने के अपने संकल्प को पूरा कर सकें।

पुदुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। अपने संदेश में, रंगासामी ने कहा कि उन्होंने %ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे अमित शाह को हमेशा खुश रखें, अच्छा स्वास्थ्य दें और उन्हें एक लंबा व सार्थक जीवन प्रदान करें।% रंगासामी ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि अमित शाह को और अधिक शक्ति, शांति और सफलता मिले, ताकि वे एक मजबूत, सुरक्षित और प्रगतिशील भारत के निर्माण की दिशा में अपना काम जारी रख सकें। प्रोटेम स्पीकर ए. अनबलगन ने भी केंद्रीय गृह मंत्री को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय एकता की रक्षा के प्रति शाह की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की और उनके लंबे जीवन की कामना की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और वाइएसआरसीपी प्रमुख वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की बधाई दी।

'भारत-पोलैंड की दोस्ती को...

नरेंद्र मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता हो रही है. इस दौरान दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के साथ आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हो रही है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी पोलैंड के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे. वहीं, पीएम मोदी के साथ बैठक से पहले डोनाल्ड टस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'हमें कोई रोक नहीं सकता.'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पोलैंड के प्रधानमंत्री का भारत में स्वागत करते हुए उन्हें बहुत खुशी हो रही है. उन्होंने वर्ष 2024 में अपनी पोलैंड यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान डोनाल्ड टस्क ने उनका और उनके प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत किया था. पीएम मोदी ने बताया कि उसी यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था. उन्होंने कहा कि इसी मजबूत आधार पर पिछले दो वर्षों में भारत और पोलैंड की साझेदारी ने नई गति हासिल की है. दोनों देश अब अपने संबंधों को और व्यापक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं.

पीएम मोदी ने भारत और पोलैंड के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों की मित्रता केवल कूटनीतिक रिश्तों पर आधारित नहीं है, बल्कि इसके पीछे मानवता और संवेदना की साझा विरासत भी है. उन्होंने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जामनगर और कोल्हापुर के राजपरिवारों ने पोलैंड के हजारों बच्चों और परिवारों को भारत में आश्रय दिया था. प्रधानमंत्री के मुताबिक, यह ऐतिहासिक जुड़ाव दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों की एक महत्वपूर्ण नींव है.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत ने भारत-पोलैंड साझेदारी के लिए नए अवसर पैदा किए हैं. भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने इन अवसरों को और व्यापक बनाया है. उन्होंने बताया कि भारत और पोलैंड ने रक्षा, अंतरिक्ष तथा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अपने संबंधों को प्रगाढ़ करने पर सहमति बनाई है. प्रधानमंत्री ने इन रणनीतिक क्षेत्रों में पोलैंड की कंपनियों को भारत के साथ संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन के लिए आमंत्रित किया. इस पहल से दोनों देशों के बीच तकनीकी सहयोग और आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक संबंध और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क भारत-पोलैंड रिश्तों की सबसे बड़ी ताकत हैं. उन्होंने पोलैंड में संस्कृत अध्ययन और भारतविद्या की समृद्ध परंपरा का भी उल्लेख किया. पीएम मोदी ने बताया कि पोलैंड के क्राकोव शहर में भारतीय अध्ययन पीठ की स्थापना की गई है. उन्होंने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शैक्षणिक संबंधों को दोनों देशों की दोस्ती का अहम हिस्सा बताया.

पटना साहिब में 360वें प्रकाश...

के एसडीओ कशिश बक्शी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जरूरी व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया। यातायात को सुचारु बनाए रखने, गुरुद्वारा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने बताया कि श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के 360वें प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बड़े धार्मिक आयोजन को भव्य और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए कमेटी तैयारियों में जुटी है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मिलकर काम कर रहे हैं।

पटना साहिब सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी की जन्मस्थली है। इसी वजह से यह स्थान सिख समुदाय के लिए विशेष धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। हर साल यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। 360वें प्रकाश पर्व के अवसर पर भी देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बेहतर समन्वय के साथ तैयारियों को पूरा करने में जुटे हैं, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

आंध्र प्रदेश में 100 नगर...

अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से रिपोर्ट मिलने के बाद गुरुवार को एक और आदेश जारी करेगा। इन चुनावों में 13 नगर निगम और 87 नगरपालिकाएं व नगर पंचायतें शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वह 22 अक्टूबर तक यह तय करे कि क्या उन शहरी स्थानीय निकायों में नामांकन की समय-सीमा बढ़ाई जाए, जहां कानून-व्यवस्था की कथित समस्याओं के कारण उम्मीदवार अपने कागजात दाखिल नहीं कर पाए थे। जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने आयोग को निर्देश दिया कि वह उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी करने को 26 अक्टूबर तक टाल दे। साथ ही, आयोग को याचिकाकर्ताओं और उम्मीदवारों द्वारा सौंपे गए अभ्यावेदनों, सहायक दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक सबूतों की जांच करने को भी कहा गया है।

'अगले 30 साल तक...

घुसपैठियों के वोट बचाने के लिए 'वोट चोरी' का मुद्दा उठा रहे हैं। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा जनता के समर्थन से चुनाव जीतती है। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि देश की जनता अब उसकी राजनीति को समझ चुकी है। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि चुनाव में हार के लिए हर बार ईवीएम या चुनाव आयोग को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

अमित शाह ने कांग्रेस की चुनावी स्थिति का जिक्र करते हुए गुजरात, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, दिल्ली और असम में पार्टी की सरकार न बनने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में कांग्रेस लंबे समय से सत्ता में नहीं आ पाई है। शाह ने सवाल उठाया कि अगर चुनाव आयोग और ईवीएम की वजह से ही कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ रहा है, तो फिर अलग-अलग राज्यों में उसकी चुनावी स्थिति की वजह क्या है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह समस्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र की सत्ता में आने से पहले से ही रही है।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२०
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या : R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।